# प्रेस नोट–जनपद मुजफ्फरनगर
# दिनांक– 25.05.2025

- **थाना मंसूरपुर पुलिस द्वारा मात्र 12 घण्टे के अन्दर लूट/छिनैती के 06 अभियोग का सफल अनावरण करते हुए दौराने पुलिस मुठभेड़ 03 शातिर लूटेरे अभियुक्तगण को किया घायल/गिरफ्तार–**

  दिनांक 24/25.05.2025 को प्रभारी निरीक्षक श्री सुभाष बाबू अत्री थाना मंसूरपुर मय हमराहीगण द्वारा लूट/छिनैती के 06 अभियोग का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. राजेश पुत्र रामकिशोर, 2. अभी कुमार पुत्र श्री रामकुमार व 3. साहिल पुत्र इशाक निवासीगण संगम बिहार थाना बत्रा दिल्ली को दौराने पुलिस मुठभेड़ एनएच–58 धौला पुल के पास से घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। अभियुक्तगण के कब्जे से 01 रियल मी–मोबाईल, 01 आधार कार्ड असलम का, आयुष्मान कार्ड असलम का, 4200/– रूप्ये नगद(मु0अ0सं0 135/25 धारा 309(4) बीएनएस थाना छपार से सम्बन्धित), 01 वीवो मोबाईल फोन, 01 माइक्रोमेक्स मोबाईल, 13 आधार कार्ड, 04 पैन कार्ड, 01 एसबीआई बैंक पास बुक, 01 एटीएम कार्ड, 01 पर्स व 3500/– रूप्ये नगद(मु0अ0सं0 101/2025 धारा 304(2) बीएनएस थाना पुरकाजी से सम्बन्धित), 01 सोने की चैन(मु0अ0सं0 192/2025 धारा 304 बीएनएस से सम्बन्धित), 10,200/– रूप्ये (मु0अ0सं0 161/2025 धारा 309(4) से सम्बन्धित, 01 बैगनआर कार(मु0अ0सं0 228/2025 धारा 316(2),3(5) बीएनएस थाना बादशाहपुर, गुरूग्राम से सम्बन्धित), 01 चाकू(मु0अ0सं0 193/2025 धारा 309(5),3(5) बीएनएस से सम्बन्धित), 02 तमंचे मय 02 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर व 01 मसकट मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 12 बोर बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मंसूरपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 162/25 धारा 109 बीएनएस व 3/4/25/28 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना रामराज पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 चोर अभियुक्त गिरफ्तार–**

  दिनांक 25.05.2025 को थाना रामराज पर नियुक्त उ0नि0 श्री जीतन सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 21/25 धारा 303(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. शेखर उर्फ राड़ा पुत्र चन्द्रवीर निवासी ग्राम नई बस्ती समाना थाना रामराज, मुजफ्फरनगर व 2. अमरदीप सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम जमालपुर थाना रामराज, मुजफ्फरनगर को मेरठ रामराज बार्डर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी किया गया करीब 03 किलों तांबे का तार बरामद किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रामराज पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना खालापार पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित किया गया गिरफ्तार–**

  दिनांक 25.05.2025 को थाना खालापार पर नियुक्त उ0नि0 गनेश शर्मा मय हमरीगण द्वारा अभियुक्त शकील पुत्र सूफी यासीन निवासी फात्मा मस्जिद के पीछे किदवईनगर थाना खालापार, मुजफ्फरनगर को विक्टर फैक्ट्री से आगे काली नदी की तरफ कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 चाकू नाजायज बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खालापार पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 93/25 धारा 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

  दिनांक 24.05.2025 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री तूफान सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 5554/9/16 धारा 4/25 आयुध अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त नवीन कुमार पुत्र कुवर सिंह निवासी बाबूपुर नंगली थाना देवबन्द सहारनपुर व 2. वाद संख्या 1012/11/22 व वाद संख्या 1731/11/23 धारा 128 सीआरपीसी में वारण्टी अभियुक्त अर्जुन सिंह पुत्र सुदेशपाल निवासी ग्राम डिण्डौली डाकखाना पास थाना नागल जनपद सहारनपुर को अभियुक्तगण के मस्कनों से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना भौराकलां पुलिस द्वारा 03 वारण्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

  दिनांक 25.05.2025 को थाना भौराकलां पर नियुक्त उ0नि0 श्री पंकज शर्मा व उ0नि0 श्री मनमोहन मय हमराहीगण द्वारा 1. वाद संख्या 217/9/2018 मु0अ0सं0 17/18 धारा 60 आबकारी अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त संजीव पुत्र तेजपाल निवासी ग्राम चिरौली थाना भौराकलां, मु0नगर 2. वाद सं0 330/9/2017 मु0अ0सं0 25/16 धारा 323/506/353 भादवि में वारण्टी अभियुक्त धर्मपाल पुत्र अर्जुन निवासी ग्राम हडौली थाना भौराकलां, मु0नगर 3. वाद संख्या 227/09/2019 मु0अ0सं0 17/19 धारा 60 आबकारी अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त सुखवीर पुत्र मंगलू निवासी ग्राम चिरौली थाना भौराकलां, मु0नगर को अभियुक्तगण के मस्कनों से गिरफ्तार किया गया

- **थाना भौराकलां पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**

  दिनांक 25.05.2025 को थाना भौराकलां पर नियुक्त उ0नि0 श्री पिन्टू कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 54/25 धारा 109(1)/115(2)/351(3)/352 बीएनएस मे वांछित अभियुक्त गौरव उर्फ बर्फानी पुत्र विरेन्द्र निवासी कस्बा सिसौली थाना भौराकला, मुजफ्फरनगर को भौराकलां मार्ग पर भौराखुर्द चौराहे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त उस्तरा बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना भौराकलां पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।